डॉ० बी० राजेन्दर, अपर मुख्य सचिव, खेल विभाग की अध्यक्षता में दिनांक– 09.07.2025 (बुधवार) को अपराह्न 02:30 बजे से खेल अवसंरचनाओं के निर्माण की प्रगति की समीक्षा हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सम्पन्न बैठक की कार्यवाही

उपस्थिति

1. श्री निरंजन कुमार, संयुक्त सचिव, खेल विभाग।
2. श्री संजय कुमार, सहायक निदेशक (क्रीड़ा) खेल विभाग।
3. श्री नरेश कुमार चौहान, सहायक निदेशक (युवा) खेल विभाग।
4. श्री अजय कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी, खेल विभाग।
5. श्री दिग्गज कुमार, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी, खेल विभाग।
6. सभी जिला खेल पदाधिकारी/उपाधीक्षक,शा0शि0 (VC के माध्यम से) बिहार।

कार्यवाही

सर्वप्रथम अपर मुख्य सचिव द्वारा सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों का स्वागत किया गया तदोपरान्त खेल क्लब के गठन, पंचायत स्तरीय खेल मैदान, प्रखंड स्तरीय आउटडोर स्टेडियम, प्रमंडल स्तरीय खेल अवसंरचना निर्माण एवं जिला स्तरीय खेल–सह–व्यायामशाला से संबंधित अद्यतन जानकारी प्राप्त की गई।

सभी उपस्थित जिला खेल पदाधिकारी/उपाधीक्षक, शा0शि0 द्वारा अद्यतन विस्तृत जानकारी दी गई तथा कतिपय समस्याओं से अपर मुख्य सचिव महोदय को अवगत कराया गया। तदोपरान्त अपर मुख्य सचिव महोदय द्वारा बिन्दुवार निदेश दिये गये जो निम्नवत है:–

(1) खेल क्लब के गठन

खेल क्लब के गठन हेतु बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों को पंचायतवार सभी जिलों को भेज दिया गया।

खेल क्लबों के अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष के चयन हेतु दिनांक– 11.07.2025 (शुक्रवार) तक चुनाव संपन्न कराकर प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराने का निदेश सभी जिला खेल पदाधिकारी/उपाधीक्षक शा0 शि0 को दिया गया है।

(2) मल्टी/ओपेन जिम एवं खेल उपकरण

वित्तीय वर्ष 2025–26 में खेल एवं जिम उपकरण मद में कुल रु0 10.00 करोड़ रुपये बजट में प्रावधानित है। 14 जिलों से प्रस्ताव प्राप्त है, जिसमें 13 जिलों को कुल रू0 3,53,94,860.00/– राशि की स्वीकृति दी जा चुकी है। साथ ही उक्त जिलों को दिनांक– 16.07.2025 (बुधवार) तक निविदा निकाल कर राशि की निकासी करने हेतु संबंधित जिला खेल पदाधिकारी/उपाधीक्षक, शा0 शि0 को निदेश दिया गया है।

(3) जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता के आयोजन

जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता के आयोजन पर व्यय की गई राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र जिलो से प्राप्त कर बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना द्वारा विभाग को उपलब्ध करायेंगे।

(4) पंचायत स्तरीय खेल मैदान

कुछ जिलों से पंचायत स्तरीय खेल मैदान हेतु प्राप्त प्रस्तावों में मानक के अनुरूप भूमि उपलब्ध नहीं होने का उल्लेख किया गया है। उक्त के संबंध में बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना को खेल मैदान के स्थान पर अभ्यास मैदान का मॉडल प्रारूप उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

मनरेगा के जिला स्तरीय पदाधिकारी से संपर्क कर निर्मित/निर्माणाधीन खेल मैदानों की सूची प्राप्त करते हुए इसे समेकित करने का निदेश जिला खेल पदाधिकारी/उपाधीक्षक शा0 शि0 दिया गया।

(5) प्रखंड स्तरीय आउटडोर स्टेडियम

अपर मुख्य सचिव, खेल विभाग द्वारा सभी जिला खेल पदाधिकारियों/अधीक्षक, शारीरिक शिक्षा/उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, बिहार को मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के अन्तर्गत जिलों में निर्मित आउटडोर स्टेडियम में कार्यशील बनाने तथा एक सप्ताह में तीन–चार स्टेडियम का स्थल निरीक्षण करने का निदेश दिया गया है। यदि स्टेडियम में छोटे–मोटे कार्य यथा– समतलीकरण इत्यादि की आवश्यकता हो तो इसे मनरेगा के माध्यम कराया जा सकता है।

कुल 62 प्रखंड स्तरीय आउटडोर स्टेडियम के निर्माण हेतु चिन्हित भूमि का जांच प्रतिवेदन बि0रा0भ0नि0लि0, पटना द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जिसमें त्रुटियाँ पाई गई है, इसका निराकरण करते हुए अथवा नये भूमि चिन्हित करते हुए प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निदेश संबंधित जिला खेल पदाधिकारी/उपाधीक्षक शा0 शि0 को दिया गया है।

(4) जिला स्तरीय खेल–सह–व्यायामशाला

13 जिलों में खेल भवन–सह–व्यायामशाला के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। वहाँ स्थल निरीक्षण करते हुए अविलम्ब कार्य प्रारंभ करने का निदेश संबंधित जिला खेल पदाधिकारी एवं उपाधीक्षक, शा0शि0 को निदेश दिया गया। साथ हीं स्थल निरीक्षण से संबंधित प्रपत्र में प्रतिवेदन भेजने हेतु निदेश दिया गया।

अपर मुख्य सचिव द्वारा सभी संबधित को यह भी निदेश दिया गया कि जल्द हीं जिला स्तरीय खेल–सह–व्यायामशाला का उद्‌घाटन होना है। इसकी तैयारी पूर्व से आरंभ कर दी जाय।

(5) प्रमंडल स्तरीय खेल अवसंरचनाओं का निर्माण

गयाजी, मुंगेर, सारण एवं भागलपुर में प्रमंडल स्तरीय खेल अवसंरचनाओं के निर्माण हेतु मानक के अनुरूप सरकारी भूमि चिन्हित कराने हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निदेश जिला खेल पदाधिकारी/शा0शि0 उपाधीक्षक को दिया गया।

उपर्युक्त लंबित मामले से संबंधित पी0पी0टी0 सम्मिलित करने का निदेश दिया गया आगामी मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में अगामी बैठक में सभी जिला पदाधिकारियों के साथ लंबित कार्यों के शीघ्र निष्पादन हेतु वस्तुस्थिति से भवदीय को अवगत कराया जायेगा।

Rajendra 15.7.2025

(डॉ० बी० राजेन्दर)
अपर मुख्य सचिव।

ज्ञापांक–3062 पटना, दिनांक 15.7/2025

प्रतिलिपिः– निदेशक, खेल विभाग/ महाप्रबंधक, परियोजना, बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना/ संयुक्त सचिव, खेल विभाग/ परियोजना प्रबंधक, बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना/सहायक निदेशक (क्रीड़ा/युवा/योजना)/प्रशाखा पदाधिकारी–04 /संबंधित सहायक प्रशाखा पदाधिकारी/आई०टी० मैनेजर/सभी जिला खेल पदाधिकारी/अधीक्षक शा0 शिक्षा/उपाधीक्षक शा0 शिक्षा, बिहार, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Rajendra 15.7.2025

अपर मुख्य सचिव।